Third Day

कबड्डी के खिताब से एक कदम दूर हिमाचल की बेटियां

अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी के फाइनल में पहुंची मेजबान टीम, कुरुक्षेत्र से आज मुकाबला

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। एचपीयू की टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

फाइनल में विवि का मुकाबला कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टीम से होगा। शुक्रवार को सेमीफाइनल में प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम ने मुंबई यूनिवर्सिटी की टीम को 39-12 से हराया। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। कुरुक्षेत्र ने 36 और पटियाला यूनिवर्सिटी ने 34 अंक हासिल किए। इससे पूर्व हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एचपीयू ने मैंगलौर यूनिवर्सिटी को 34-10 के स्कोर से पराजित किया। दूसरे मैच में पटियाला यूनिवर्सिटी ने रोहतक यूनिवर्सिटी की टीम को 23-22 के स्कोर से मात दी। तीसरे क्वार्टर फाइनल में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने सावित्री बाई फूले पुणे युनिवर्सिटी की टीम को 32-16 के स्कोर से हराया। चौथे और अंतिम क्वाटर फाइनल में मुंबई यूनिवर्सिटी ने काशी विश्वविद्यालय वाराणसी को 24-22 के स्कोर से हराया। आल इंडिया यूनिवर्सिटी की ओर से आए ऑब्जर्वर डॉ. सुशील राजपूत और आयोजन सचिव डॉ. रमेश चौहान ने बताया कि फाइनल मुकाबले में एचपीयू और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के बीच मुकाबला होगा। तीसरे स्थान के लिए मुंबई यूनिवर्सिटी और पंजाबी यूनिवर्सिटी के बीच मुकाबला होगा। तीसरे दिन एचपीयू के सेवानिवृत्त शिक्षक वाईपी शर्मा मुख्य अतिथि रहे। अंतिम दिन विवि के कुलपति प्रो. सिकंदर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे।

24.11.2018 Amar Ujala page no. 9

क्वार्टर फाइनल व सैमीफाइनल मुकाबले में एच.पी.यू. ने दिखाया दमखम

एच.पी.यू. व कुरुक्षेत्र वि.वि. के बीच होगा कबड्डी फाइनल

शिमला : संजौली महाविद्यालय में अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच में खेलतीं खिलाड़ी। (नरेश)

शिमला, 23 नवम्बर (ब्यूरो): सैंटर ऑफ एक्सीलैंस संजौली कालेज में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल व सैमीफाइनल मुकाबले हुए। 8 टीमों के बीच पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए। इसमें हिमाचल प्रदेश वि.वि. ने मंगलोर वि.वि. को हराकर सैमीफाइनल में जगह पक्की की तो वहीं अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में मुम्बई ने वाराणसी को हराया जबकि कुरुक्षेत्र वि.वि. ने पुणे को हराकर सैमीफाइनल में जगह पक्की की। इसके बाद पटियाला वि.वि. ने रोहतक वि.वि. को बेहद ही रोमांचक मुकाबले में हराया।इस दौरान माहौल काफी गर्माया रहा। खिलाड़ियों व कोच के बीच काफी तू-तू मैं-मैं भी हुई, वहीं प्रतियोगिता के सैमीफाइनल मुकाबले में एच.पी.यू. ने मुम्बई वि.वि. को हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सैमीफाइनल मुकाबले में कुरुक्षेत्र वि.वि. ने पटियाला को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। शनिवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला प्रदेश वि.वि. व कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के बीच दोपहर 12 बजे होगा। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रदेश वि.वि. के कुलपति प्रो. सिकंदर कुमार बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहेंगे, साथ ही विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 24 November 2018
betapunjabkesari.epapr.in/c/34266977